# बूंदी शहर में गौवंश में लम्पी संक्रमण का कहर शुरू

## प्रशासन को सूचना के बावजूद देर रात तक लंपीग्रस्त गाय को कोई उठाने वाला नहीं आया

**बूंदी,** (निसं)। बूंदी शहर में गौवंश में में लंपी बीमारी का कहर शुरू हो गया है और प्रशासन की इस महामारी से निपटने की सारी व्यवस्था महज कागजों में ही नजर आ रही है। बुधवार को वार्ड नंबर 17 तलायी मोहल्ले में लंपीग्रस्त गाय सुबह से ही तड़पती हुयी एक स्थान पर पड़ी हुयी थी।

बुधवार सांय कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के एडीएम करतार सिंह से मिलने के बाद गाय की चिकित्सा के लिए कांग्रेस नेताओं के साथ पशुपालन विभाग की टीम तो पहुंची लेकिन देर रात तक भी लंपीग्रास्त गोवंश को उठाकर आइसोलेशन सेंटर नहीं ले जाया जा सका। यह भी उल्लेखनीय है कि प्रात: 11 बजे इसकी सूचना पशुपालन विभाग प्रशासन व नगर परिषद को दे दी गयी। लेकिन लापरवाही का ऐसा आलम रहा कि सांय 4 बजे तक गाय को कोई देखने भी नहीं पहुंचा।



बूंदी में प्रशासन द्वारा महामारी से निपटने की व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है।

कोई कार्यवाही नहीं होता देख क्षेत्रीय पार्षद साबिर खान ने कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा को सारी स्थिति से अवगत करवाया। जिसके बाद शर्मा के साथ क्षेत्रीय पार्षद साबिर खान, पार्षद अंकित बूलीवाल, राकेश मेघवाल आदि कांग्रेस नेता अतिरिक्त जिला कलेक्टर करतार सिंह से मिले और लंपी के गंभीर मामले में प्रशासनिक लापरवाही पर कड़ा आक्रोश जताया। तब जाकर प्रशासन हरकत में आया। एडीएम के पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को कार्यवाही के निर्देश देने के बाद कांग्रेस नेताओं के साथ पशुपालन विभाग की टीम गाय की चिकित्सा के लिए पहुंची।

**गुरुवार से शुरू होगा लंपी नियंत्रण कक्ष:-** कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम करतार सिंह से लंपी महामारी की प्रभावी रोकथाम के लिए जिला कलेक्ट्रेट में नियंत्रण कक्ष शुरू करने की मांग रखी। कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा ने कहा कि इस विषय में प्रशासन को गंभीरता के साथ 24 घंटे क्रियाशील नियंत्रण कक्ष प्रारंभ करना चाहिये। जिस पर एडीएम ने गुरुवार से ही

**■ कांग्रेस नेताओं ने एडीएम से की प्रभावी कार्यवाही के साथ नियंत्रण कक्ष खोलने की मांग**

जिला कलेक्ट्रेट में लंपी महामारी के संदर्भ में नियंत्रण कक्ष प्रारंभ करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि नियंत्रण कक्ष का दूरभाष 07472 442305 रहेगा।

जानकारी के अनुसार पशुपालन विभाग की टीम जब तलायी मोहल्ले में पीड़ित गाय की चिकित्सा के लिये पहुंची तो थर्मामीटर से जांच के बाद सामने आया कि 104 डिग्री से अधिक बुखार में गाय तड़प रही थी। पशुपालन विभाग की ओर से टीम प्रभारी डॉ रामलाल मीणा ने तत्काल गाय की चिकित्सा शुरू की और इंजेक्शन लगाये। उन्होंने गाय के आइसोलेशन सेंटर में पहुंचने की आवश्यकता जतायी लेकिन संसाधनों के अभाव में इस विषय में प्रशासन की ओर से असमर्थता जता दी।

# गोवंश को बचाने के लिए विधायक ने दिए पांच लाख रुपए

## पटवार संघ एवं राजस्व परिवार भी आया आगे

**पाटन,** (निसं)। गोवंश में फैल रहे लम्पी रोग के प्रकोप को देखते हुए बुधवार को नीमकाथाना और पाटन पंचायत समिति की समस्त पंचायतों के सरपंच, पटवरी और ग्राम विकास अधिकारीयों के साथ स्थानीय विधायक स्थानीय प्रशासन की उपस्थिति में लम्पी ग्रसित गायों के प्रभावी उपचार, टीकाकरण और संक्रमण की रोकथाम के लिए जल्द से जल्द ग्राम पंचायत स्तर पर आइसोलेशन सेंटर बनाए जाने के निर्देश दिए।

गौवंश में संक्रमण से फैल रही जानलेवा लम्पी स्किन बीमारी के उपचार एवं रोकथाम हेतु आवश्यक दवा व उपकरण क्रय करने हेतु विधायक मोदी ने स्थानीय क्षेत्र विकास कोष से पांच लाख रुपए की राशि स्वीकृति के आदेश दिए।

पहले भी लम्पी स्किन बीमारी के उपचार एवं रोकथाम हेतु 5.00 लाख की दवा व उपकरण क्रय करने के लिये अभिशंषा विधायक कोष से विधायक मोदी द्वारा की गई थी। वही पटवार संघ एवं राजस्व परिवार ने भी अपनी शुद्ध कमाई में से 21 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता ने पटवार संघ एवं राजस्व परिवार का आभार व्यक्त किया।

## संदिग्ध अवस्था में विवाहिता की मौत

**छबड़ा,** (निसं)। बापचा थाना क्षेत्र के हान्याहेड़ी गांव में मंगलवार शाम को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। पुलिस ने विवाहिता द्वारा आत्महत्या किए जाने का प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार राघोगढ़ थाना क्षेत्र के बिरयाई निवासी धमेंद्र लोधा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी बहिन पूजा का विवाह 10 वर्ष पूर्व हान्याहेड़ी निवासी पर्वतसिंह लोधा के साथ हुआ था। पर्वत सिंह को कोई काम नही करता हैं और शराब पीता हैं। इसके चलते गृह क्लेश बना रहता हैं। पुलिस ने बुधवार सुबह मेडिकल बोर्ड से मृतका का पीएम करवाया। इस अवसर पर एडीजे प्रीति नायक, एसडीएम सुरेश हरसोलिया भी यहां मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने क्रेशर मालिक के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**पाटन,** (निसं)। उपखंड के राजस्व ग्राम दयाल की नांगल के भूमि खसरा नम्बर 106/1 रकबा 0.2450 हैक्टर मे स्थित केशर से होने वाले प्रदूषण एवं जबरन रास्ता निकालने एवं शिकायत करने पर धमकी देने को लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने क्रेशर मालिक के खिलाफ कार्यवाही को लेकर तहसीलदार दिनेश शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में अवगत कराया कि ग्राम दयाल की नांगल के भूमि खसरा नम्बर 106/1 रकबा 0.2450 हैक्टर मे गणेश स्टोन केशर स्थित है जो रात दिन चलता रहता है। जिससे बहुत तेज शोर शराबा होता है। एवं पत्थर पीसने के कारण बहुत तेज डस्ट (पत्थर की मिट्टी) उडती रहती है। जिससे आमजन को बहुत परेशानी हो रही है। केशर के पास आबादी भी बसी हुई है, जो लगभग 150 फुट की दूरी पर ही स्थित है। उक्त स्टोन केशर नीमकाथाना मेहाडा स्टेट हाईवे 13 ए से महज 150 फुट दूर ही है।

**ग्रामीणों का जान का खतरा:-** केशर मालिक रसुकदार एवं प्रभावशाली व्यक्ति है। जब उक्त शिकायतों के बारे मे मालिक सतवीर गुर्जर, सुरेश गुर्जर निवासी खेतडी एवं कुलदीप निवासी निजामपुर से बात करते है तो मालिक ग्रामीणों पर रौब झाडते है और कहते है कि आप हमारा कुछ नही कर सकते है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते है।

# आसाराम मामले में सुनवाई नहीं हो पाई

**जोधपुर,** (कासं)। सुप्रीम कोर्ट में आसाराम का जोधपुर जेल डिस्पेंसरी का फर्जी मेडिकल सार्टिफिकेट पेश कर जमानत हासिल करने के प्रयास के मामले में बुधवार को जोधपुर के सीजेएम कोर्ट में सुनवाई नहीं हो पाई। सीजेएम विक्रम सांखला के आज अवकाश पर होने के कारण सुनवाई टल गई। अगली सुनवाई तिथि फिलहाल तय नहीं है।

वर्ष 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में आसाराम व उसके पैरोकार रवि रॉय वगे के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया था। मुख्य आरोपी वगे व सह आरोपी आसाराम बापू को आज आरोप सुनाए जाने थे। आसाराम के पैरोकार रवि रॉय वगे ने आसाराम को जमानत दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका पेश की थी। जिसने जोधपुर सेंट्रल जेल की डिस्पेंसरी का फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट पेश किया गया था। इस सार्टिफिकेट में आसाराम की कई गंभीर बीमारियों को दर्शाया गया था। वर्ष 2017 में पेश इस सार्टिफिकेट की सुप्रीम कोर्ट ने जांच कराई। जांच में यह फर्जी पाया गया। इस पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जोधपुर के रातानाडा पुलिस थाने में आसाराम के पैरोकार रवि को मुख्य आरोपी मानते हुए मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले में आसाराम को भी आरोपी बनाया गया।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के रातानाडा थाने में आसाराम के पैरोकार रवि राज वगे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। आसाराम बापू को भी इस मामले में धारा 120 में आरोपी बनाया गया है। आसाराम के पैरोकार और आसाराम के खिलाफ यह मामला साल 2017 में दर्ज किया गया था। यह मामला संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। जिसमें अधिकतम 3 से 7 वर्ष की सजा का प्रावधान है।

## शराब के 1010 कार्टन बरामद

**बाड़मेर,** (निसं)। अवैध शराब के परिवहन, संग्रहण एवं उत्पादन की रोकथाम के लिए आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे नियमित अभियान के तहत मंगलवार को बाड़मेर सरहद टापरा अविस्थित नागाणाराय होटल के समीप ट्रक में 1010 कार्टूनों में भरी अवैध शराब एवं वाहन जब्त किया तथा वाहन चालक के विरूद्ध अभियोग दर्ज किया गया। जिला आबकारी अधिकारी विनोद वैष्णव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को आबकारी वृत बालोतरा के आबकारी निरीक्षक भंवरलाल ने सिवाना सर्किल, मेंगा हाईवे बालोतरा रोड पर नाकाबंदी के दौरान कंटेनरनुमा वाहन ट्रक में लक्ष्मणराम पुत्र जुंजाराम जाट निवासी फोगिया सरा, मुढणों की ढाणी, सरणू चिमनजी, बाड़मेर के कब्जे से कुल 1010 कार्टूनों में अवैध फोर सेल इन पंजाब ओनली का मार्का निर्मित मदिरा की पव्वे व बोतले बरामद की है। 72कार्टूनों में कुल 8640 अंग्रेजी शराब की बोतले व 2900 कार्टूनों में कुल 13920 अंग्रेजी शराब के पव्वे भरी अवैध मदिरा बरामद की गई है।

उन्होनें बताया कि बरामद अवैध शराब की अनुमानित कीमत लगभग 74 लाख रूपये है। ट्रक व अवैध शराब को कब्जेराज लेकर वाहन चालक के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है। उन्होनें बताया कि उक्त कार्यवाही में भंवरलाल आबकारी निरीक्षण वृत बालोतरा, उमाराम गार्ड, चौखाराम सिपाही, बागाराम सिपाही एवं आबकारी जाप्ता शामिल रहे।

# सिद्धमुख एसएचओ पर प्रकरण दर्ज नहीं कर परिवादी पर दवाब बनाने का आरोप



सिद्धमुख एसएचओ दलीप सिंह के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की माँग को लेकर एएसपी अशोक बुटोलिया को ज्ञापन सौंपा।

**सादुलपुर,** (निसं)। करीबन आधा दर्जन लोगों द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ को ज्ञापन सौंपकर सिद्धमुख एसएचओं के खिलाफ परिवाद दर्ज नहीं कर एवं समझौते का दवाब बनाने के आरोप लगाते हुए एसएचओ के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने की माँग की है।

रणसिंह, अजीज खींची, मनीष, नरेश कुमार, सचिन कस्वा, अजीत पूनियां, लतिफ, सुनिल व कृष्ण भाकर आदि ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ अशोक कुमार बुटोलिया को सौंपे ज्ञापन में सिद्धमुख एसएचओं दलीप सिंह द्वारा परिवाद दर्ज नहीं कर समझौते का दवाब बनाने के आरोप लगाते हुए ज्ञापन में लिखा है कि 25 जून 2022 को गाँव चनाणा छोटा

**■ एएसपी राजगढ़ को ज्ञापन सौंपकर विभागीय कार्यवाही की मांग**

निवासी रणसिंह पुत्र अमरचन्द जाट द्वारा एक लिखित प्रार्थना पत्र अपने घर से करीब 12 से 15 लाख रूपये का अनाज व सीमेन्ट की बोरियां चोरी हो गये थे। सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया है कि बार-बार थाने जाने पर परिवादी रणसिंह पर समझौता करने का दवाब बनाया जा रहा है कि सीमेन्ट की बोरियां व थोडा बहुत अनाज दिलवा देंगे.. समझौता करलो.. तथा आरोप है कि आज तक उक्त प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

साथ ही आरोप लगाया है कि इसी प्रकार हरियाणा का युवक जो करीबन 10-12 वर्षो से राजगढ में मजदूरी करता है, उसके साथ 1 सितम्बर 2022 को गाँव चनाणा छोटा में मारपीट हुई थी तथा जातिसूचक गालिया निकाल कर गाडी छीन ली, उसमें भी 10 सितम्बर 2022 तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। वहीं उक्त दोनों ही मुकदमें दर्ज नहीं करने का आरोप लगाते हुए एसएचओ दलीप सिंह के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने की माँग की है। इस संबन्ध में सिद्धमुख एसएचओ दलीप सिंह से वर्जन हेतु दुरभाष पर वार्ता करने का प्रयास किया गया मगर समाचार लिखे जाने तक कॉल रिसिव नहीं की गई।

## ऑनलाइन नकदी हड़पी

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ पीड़ित से ऑनलाईन नकदी हड़पने का मामला दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ढीकली रोड मीरा नगर निवासी गोपाल सिंह पुत्र चतरसिंह चुण्डावत की रिपोर्ट पर प्रतापनगर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। जिसमें पीड़ित ने बताया कि 4 सितंबर को मोबाईल पर फोन कर टाटा प्ले स्टोर से 100 रूपये का रिचार्ज करने को कहा। इस पर मैने डेबिट कार्ड से 100 रूपये का रिचार्ज किया तो इसी दौरान 100 रूपये के अलावा 47 हजार रूपये निकाले जाने का मेसेज मिला। इस पर धोखाधड़ी का अहसास होने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

# मारपीट कर युवक की हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। मारपीट कर श्रमिक की हत्या कर सबूत नष्ट करने के लिए लाश को अन्यत्र रखने की वारदात का प्रतापनगर थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा विधि से संघर्षरत एक बालक को डिटेन किया। प्रकरण के अनुसार 12 सितंबर को आपणी ढाणी निवासी हिरालाल पुत्र श्यामलाल गमेती ने प्रताप नगर पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरा बड़ा भाई उदयलाल (40) शैटिंग का काम करता है एवं मै भी उसके साथ कभी कबार शौटिंग का काम करता हूं। दो दिन पूर्व वह घर से काम पर जाने के लिए निकला था वापस नहीं लौटा।

रविवार को उसका शव एफ ब्लॉक में पड़ा मिला था। जिसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए थे। जिसे चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। प्रारंभिक अनुसंधान में उदयलाल के साथ मारपीट कर हत्या करने के बाद सबूत नष्ट करने की नियत से लाश को अन्यत्र रखने की जानकारी सामने आई।

इस पर जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाप्रभारी एसआई मांगीलाल के नेतृत्व में मय टीम ने मौके से मिले साक्ष्यों, पीड़ितों से की गई पूछताछ के मुखबीर से मिली जानकारी के अनुसार हत्या के आरोपी रेबारियों का गुड़ा निवासी इन्द्रलाल गमेती पुत्र वैणीराम गमेती, मेहरों का गुड़ा सुखेर हॉल न्यू आरटीओं के पास प्रतापनगर निवसी दिनेश पुत्र जालम गमेती, मानगढ होटल के पास रेबारियों का गुड़ा निवासी चुन्नीलाल पुत्र घीसुलाल गमेती को गिरफ्तार किया। तथा विधि से संघर्षरत एक बालक को डिटेन किया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी इन्द्रलाल भी शैंटिंग काम का ठेकेदार होकर उसकी शक्तिनगर में साईड चल रही है।

## पुलिस बस की टक्कर से दंपती घायल

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के भुपालपुरा थाना क्षेत्र में सड़क पार कर रहे दंपत्ति को पुलिस बस ने चपेट में ले लिया। जिससे दोनों घायल हो गए।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को शहर के भुपालपुरा बंशीपान वाले के समीप सड़क पार कर रहे करावली डोडावली उबेश्वर निवासी तखत उर्फ तख्ता व उसकी पत्नी ललूडी को पुलिस की बस से चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर घायल होने पर पुलिस के जवानों ने ही उन्हें उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करावाया। तखत अपने पत्नी को लेकर न्यायालय में पेशी पर हाजिर होने के लिए सड़क पार कर जा रहा था। इस दौरान हादसा हो गया। इसको लेकर पुलिस थाने में कोई मामला दर्ज नहीं है।

# गौ सेवकों पर हुए झूठे मुकदमे वापस लेने की मांग



विहिप जिलाध्यक्ष ने एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

**रतनगढ़,** (निसं)। विश्व हिन्दू परिषद् प्रखंड रतनगढ़ द्वारा बुधवार को गत दिनों सुजानगढ़ में गौ सेवकों पर हुए झूठे मुकदमे को वापस लेने कि मांग को लेकर विहिप जिलाध्यक्ष महावीर महर्षि के नेतृत्व में स्थानीय उपखण्ड अधिकारी के पैशगार सतीश तिवाड़ी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पिछले दिनों सुजानगढ़ में गौ सेवकों द्वारा पर किये जा रहे धरने प्रदर्शन के दौरान सुजानगढ़ नगर परिषद् द्वारा झूठे मुकदमें करवा दिए गये थे। जिससे सम्पूर्ण हिन्दू समाज एवम संगठन में आक्रोश व्यापत है ! विहिप ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही झूठा मुकदमा वापस नही लिया गया, तो विश्व हिन्दू परिषद् आन्दोलान्त्मक कदम उठाएगी।

इस अवसर पर विहिप जिला उपाध्यक्ष विनोद मेहता, विहिप प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महर्षि, मंत्री अरविन्द मिश्रा, मनोज शर्मा, राजेश शर्मा, देवीदत महर्षि, बाबूलाल स्वामी, दिनेश जांगिड, संदीप सैनी सहित अनेक कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## फुले ब्रिगेड के पदाधिकारी आज जयपुर कूच करेंगे

**हिण्डौन सिटी,** (निस)। विद्याधर नगर स्टेडियम में गुरुवार को आयोजित होने वाली महारैली में जिले से हजारों लोग भाग लेंगे ।

फूले बिग्रेड के अध्यक्ष दिनेश चंद सैनी ने बताया है कि माली सैनी समाज के लोगों की गुरुवार को विद्याधर नगर स्टेडियम,जयपुर में हल्लाबोल कार्यक्रम के लिए जिला प्रमुख बने सिंह कुशवाह, हिंडौन तहसील प्रमुख बाल कृष्ण सैनी तहसील प्रभारी मलखान सिंह सैनी के नेतृत्व में हजारों लोग जायेंगे।

इस मौके पर राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद सैनी, राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के प्रदेश प्रवक्ता महेश चंद सैनी, बाल कृष्ण सैनी तहसील प्रमुख, मलखान सिंह सैनी तहसील प्रभारी, देवीसिंह सैनी, गोविंदसिंह सैनी, आदि प्रमुख लोग मौजूद रहेंगे। सभी को 15 सितंबर को महात्मा ज्योतिबा फुले के वंशजों के हक व अधिकारों लिए आ रहे हैं।

माली सैनी समाज ये हमारे समाज के मान-सम्मान, अभिमान व स्वाभिमान का प्रतीक है। कार्यक्रम की पूर्ण तैयारियां विद्याधर नगर स्टेडियम जयपुर में हो चुकी हैं। जिसमें करीब लाखों की संख्या में पूरे प्रदेश भर से लोग पधार रहे हैं। सभी अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में पधारने का आव्हान किया है।

# विधायक भदेल के नेतृत्व में पानी की समस्या को लेकर जल भवन को घेरा

## बीसलपुर बांध के पूर्ण भर जाने के बावजूद भी सरकारी मशीनरी जनता को पेयजल समय पर उपलब्ध नहीं करवा पा रही

**अजमेर,** (कास)। अजमेर दक्षिण विधायक व पूर्व महिला बाल विकास मंत्री राजस्थान अनीता भदेल के नेतृत्व में अजमेर दक्षिण के सभी पार्षदों व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस स्थित जल भवन का घेराव कर प्रदर्शन किया।

भदेल ने बताया कि अजमेर में काफी समय से हर क्षेत्र में पेयजल की समस्या बनी हुई है, बीसलपुर बांध के पूर्ण भर जाने के बावजूद भी सरकारी मशीनरी जनता को पेयजल समय पर उपलब्ध नहीं करवा पा रही है।

निरंतर जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र की समस्या से पेयजल कार्यालय के कर्मचारियों को अवगत कराया जाता है, परंतु प्रदेश की कांग्रेस सरकार के रुख व रविए को समझना प्रदेश की जनता की समझ से बाहर है। कर्मचारी जनप्रतिनिधियों की समस्या को न संज्ञान लेते है न कोई कार्यवाही करते है।

जब जब एईएन एक्स इन को कम प्रेशर की समस्या से अवगत कराया जाता है, तो वो तुरंत नई पाइपलाइन का सुझाव दे देते है, इनके सुझाव अनुसार विधायक कोष से करोड़ो रुपए की पाइपलाइन का काम



अजमेर दक्षिण विधायक अनीता भदेल के नेतृत्व में अजमेर दक्षिण के सभी पार्षदों व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस स्थित जल भवन का घेराव कर प्रदर्शन किया।

हो चुका परंतु प्रेशर की समस्या का कोई समाधान न हो पाया। सिर्फ कर्मचारियों का टालम टोल रवैया रहता है। समस्या के निस्तारण पर ध्यान नहीं दिया जाता।

तकनीकी अधिकारियों की लापरवाही के चलते अजय नगर में चार साल पहले स्वीकृत पानी की टंकी पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, केवल टालम टोल रवैया अनुसार अधिकारी टेंडर प्रक्रिया का नाम लेकर 4 साल से पानी की टंकी को टालते आ रहे है, टेंडर प्रक्रिया भी आज दिन तक पूर्ण नहीं कर पाए।

वार्ड नंबर 17 पार्षद विक्रम तंबोली ने बताया की माली मोहल्ला व रेगरान मोहल्ला में कम प्रेशर व अनिश्चित समय से पेयजल सप्लाई की समस्या काफी समय से बनी हुई है। वार्ड नंबर 19 पार्षद सीता टाक ने बताया की त्रिलोक बस्ती , सिंधुवाड़ी , मालूसर रोड व वाल्मिकी बस्ती में कम प्रेशर व अनियमित सप्लाई से पूरा क्षेत्र परेशान है।

वार्ड 21 के पार्षद किरण तुनगरिया ने बताया की पहाड़ गंज जटिया कॉलोनी , शिव कॉलोनी , खटीक बस्ती , 13 क्वार्टर, नाई बस्ती, चांदमारी और खटीक बस्ती में रात्रि 8:30 से 9 बजे पेयजल की सप्लाई होती है , प्रेशर कम रहता है, व समय बदलने के लिए कई बार जलदाय विभाग के कर्मचारियों से निवेदन करा परंतु उनके सर पर जूं नहीं रेंगती। जिससे मजदूरवर्ग को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक हरीश झमनानी, आदर्श मंडल महा मंत्री रविंद्र जादौन, हितेश डाबरिया, भाजपा आर्य मंडल अध्यक्ष मोहन लालवानी, महामंत्री भवानी सिंह जैदिया, सीमा गोस्वामी , सुंदर टाक , नितेश अत्रे, रंजीत रंधावा, ओम प्रकाश राव, रोशन , ओम गोटवाल, नरेंद्र सोनी , हेमंत नायक, गौरव टाक, विक्रम शेखावत, सूरज कालोसिया, जोगेंद्र सिंह व समस्त भाजपा जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।